बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–27/2023, अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा (TRE 2.0)

विज्ञापन संख्या–27/2023 के अन्तर्गत प्रधानाध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 07.12.2023 को प्रथम पाली तथा अध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु विभिन्न विषयों के लिए लिखित (वस्तुनिष्ठ) प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक 07.12.2023 को द्वितीय पाली एवं दिनांक 08.12.2023 को एकल पाली में की गयी है। उक्त विषयों से सम्बन्धित प्रश्न पुस्तिका श्रृंखला–'A' के सभी प्रश्नों के औपबंधिक उत्तर दिनांक 08.12.2023 से आयोग के बेवसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

उक्त परीक्षाओं में सम्मिलित (Appeared) उम्मीदवारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे औपबंधिक उत्तर का मिलान आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध प्रश्न पुस्तिका (श्रृंखला– 'A') से कर लें। किसी उम्मीदवार को उक्त विषयों के किसी भी प्रश्न के औपबंधिक उत्तर पर आपत्ति हो, तो वे अपने Username एवं Password से Login करते हुए डैशबोर्ड पर दिनांक 10.12.2023 से दिनांक 12.12.2023 तक आपत्ति प्रमाणिक स्त्रोत/साक्ष्य के साथ Upload करें। ई॰मेल अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से किया गया आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

औपबंधिक उत्तर में जिन प्रश्नों पर निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई, तो उन उत्तरों को निर्विवाद रूप से आदर्श उत्तर माना जायेगा एवं तत्पश्चात् इन प्रश्नों पर भविष्य में कोई आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

8.12.2023

परीक्षा नियत्रंक (TRE),
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना